49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कॉन्ग्रेस

चर्चा में क्यों?

7-8 अक्तूबर, 2023 को उत्तराखंड के देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान में दो-दिवसीय 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कॉन्ग्रेस का आयोजन किया गया। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इसका उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कार्यक्रम में 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कॉन्ग्रेस का कम्पेन्डियम, BPR-D की प्रतिष्ठित हिन्दी पत्रिका (पुलिस विज्ञान) और उत्तराखंड पुलिस-मार्चिंग विद द टाइम्स पत्रिका का विमोचन किया।
- इस साइंस कॉन्ग्रेस का उद्देश्य पुलिस को आधुनिक तकनीक से लैस करना है। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम में देशभर के सभी राज्यों के पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।
- उद्घाटन के अवसर पर अपने संबोधन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कॉन्ग्रेस बहुत महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह सम्मेलन अमृतकाल में हो रही पहली पुलिस विज्ञान कॉन्ग्रेस है।
- इस पुलिस विज्ञान कॉन्ग्रेस के दौरान छह विषयों - 5जी युग में पुलिसिंग, नारकोटिक्स- एक गेम चेंजिंग दृष्टिकोण, सोशल मीडिया की चुनौतियाँ, सामुदायिक पुलिसिंग, आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियाँ तथा पुलिस और CAPFs के बीच समन्वय-सीमाओं की सुरक्षा पर विचार-विमर्श किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/49th-all-india-police-science-congress